हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936 सत्य • सार्थक • सदैव
सोमवार
10 अगस्त 2026, बरेली

**Page No. 06 : Bottom**

# 'सुरों के श्याम' में झूम उठे श्रोता

## रिद्धिमा



रिद्धिमा में कृष्ण भक्ति को समर्पित कार्यक्रम सुरों के श्याम में प्रस्तुति देते कलाकार।

**बरेली, संवाददाता।** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को कृष्ण भक्ति को समर्पित संगीतमय आराधना कार्यक्रम सुरों के श्यान का आयोजन हुआ। इसमें रिद्धिमा के गायन गुरुओं और उनके शिष्यों ने भगवान कृष्ण को समर्पित गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आरंभ गीत जमुना किनारे मोरा गांव से हुआ। इसे अपने सुर मधुर स्वरों में गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और रजनी अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। गायन के विद्यार्थी काव्या, जारा और चंदन ने राधा कैसे न जले गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।